# PURVOTTAR संवाद

# 2024

January - December




www.vbsamwad.co.in

+91 81330 40135

## Formal Schools

Schools
653

Teachers
10,633

Students
1,77,868

Vidya Bharati
Purvottar Kshetra

## Informal Schools

Ekal Shiksha Kendra
871

Students
20,476

**7** States

**73** Districts

**46+** Years

**100K+** Alumni

# OVERVIEW

PURVOTTAR संवाद

vbsamwad.co.in

विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र
प्रथम तल, असम प्रकाशन भारती,
(श्रद्धांजलि कानन के सामने),
राधा गोविन्द बरुआ रोड़, गुवाहाटी -05, असम

admin@vbsamwad.co.in

क्षेत्रीय अध्यक्ष
प्रो. गंगा प्रसाद परसाईं

क्षेत्रीय मंत्री
डॉ. जगदीन्द्र राय चौधुरी

क्षेत्रीय संगठन मंत्री
डॉ. पवन तिवारी

सम्पादक
डॉ. बिनीता भगवती

क्षेत्र प्रचार प्रमुख
श्री विकाश शर्मा

नि:शुल्क वितरण हेतु

# संपादकीय

पूर्वोत्तर भारत के शिक्षा क्षेत्र में विद्या भारती के प्रयासों का शुभारंभ 1979 में असम के गुवाहाटी स्थित अंबिकागिरी में शंकरदेव शिशु निकेतन की स्थापना से हुआ। यह यात्रा आज 45 वर्षों के उत्कृष्ट शिक्षण और सतत विकास का प्रतीक बन गई है। इन वर्षों में पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में विद्या भारती का कार्य गुणात्मक रूप से विस्तारित हुआ है।

वर्तमान में, 7 राज्यों में 8 प्रांत समितियों के माध्यम से 653 विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इन विद्यालयों में 10,633 आचार्यों के मार्गदर्शन में 1,77,868 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा के प्रसार हेतु अलग से पंजीकृत समिति द्वारा 871 एकल शिक्षण केंद्रों के माध्यम से 20,476 बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति और संस्कारों को ध्यान में रखते हुए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी विद्या भारती ने बड़ा कदम उठाया है। गुवाहाटी में प्रागज्योतिषपुर विश्वविद्यालय की स्थापना इसी दृष्टि का परिणाम है। अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह शैक्षणिक परिसर पूर्वोत्तर के लिए एक नया आयाम प्रस्तुत कर रहा है।

विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के प्रचार विभाग का उद्देश्य आत्मप्रशंसा नहीं, बल्कि शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों को प्रचारित कर प्रेरणा प्रदान करना है। **पूर्वोत्तर संवाद** इस दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। पत्रिका में वर्षभर के कार्यों में से विशेष समाचारों और उपलब्धियों को समाहित किया गया है।

इस वर्ष, मणिपुर संकट के दौरान, जब छात्रों को शिक्षा से वंचित होना पड़ा, तो विद्या भारती ने **स्कूल ऑन व्हील्स** का अभिनव प्रयास शुरू किया। इस पहल ने शिविरों में रह रहे बच्चों को शिक्षा का सहज अवसर प्रदान किया। वहीं, मिजोरम राज्य में विद्या भारती के कार्य का विस्तार करते हुए एक नए विद्यालय का शुभारंभ हुआ, जो क्षेत्र में शिक्षा के प्रति बढ़ते विश्वास का प्रमाण है।

**इसरो** के चेयरमैन माननीय एस. सोमनाथ जी द्वारा प्रागज्योतिषपुर विश्वविद्यालय के समारोह में दिए गए प्रेरक उद्बोधन ने सभी प्रतिभागियों को नई ऊर्जा प्रदान की।

हम आशा करते हैं कि **पूर्वोत्तर संवाद** के इस अंक को पढ़कर आपको न केवल विद्या भारती के कार्यों की जानकारी मिलेगी, बल्कि आपके मूल्यवान सुझाव भी प्राप्त होंगे। आइए, शिक्षा और संस्कारों की इस यात्रा में मिलकर कदम बढ़ाएं।

**- संपादक**
**पूर्वोत्तर संवाद**

## किड्स एथलेटिक्स रेफरी एवं योगासन आचार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम



विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र द्वारा 27 से 31 जनवरी 2024 तक गुवाहाटी के हाजोंगबाड़ी में किड्स एथलेटिक्स रेफरी प्रशिक्षण तथा योगासन आचार्य प्रशिक्षण आयोजित किए गए। किड्स एथलेटिक्स रेफरी प्रशिक्षण में 60 रेफरियों ने भाग लिया, जबकि योगासन आचार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम में 23 योगासन आचार्यों ने सहभागिता की।

## विद्यालयों की गुणवत्ता विकास हेतु सतत मूल्यांकन आवश्यक : डॉ. पवन तिवारी






मानक परिषद की बैठक असम प्रकाशन भारती के सभागार में 12 मार्च 2024 को आयोजित की गई। बैठक का संचालन मानक परिषद पूर्वोत्तर क्षेत्र के संयोजक धरमदेव ब्रह्मचारी ने किया। बैठक में विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी, शिशु शिक्षा समिति, असम के संगठन मंत्री नीरव घेलाणी, महासचिव कुलेंद्र कुमार भगवती तथा मानक परिषद के सदस्य प्रकाश चक्रवर्ती और बनमाली सुत उपस्थित रहे।
बैठक में बिजनी, बरपेटा, मुसलपुर, तेजपुर, दीफू, गोलाघाट, जोरहाट, धेमाजी, अमोलापट्टी, मोरीगांव और उदालगुरी के कुल बारह निकेतनों की मूल्यांकन रिपोर्ट साझा की गई। इसमें संबंधित निकेतनों की प्रबंधन समितियों के अध्यक्ष, सचिव एवं प्रधानाचार्यों ने भाग लिया।
बैठक में विद्यालयों की विकास यात्रा में कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तृत चर्चा हुई। डॉ. पवन तिवारी, नीरव घेलाणी और कुलेंद्र कुमार भगवती ने विद्यालयों की गुणवत्ता विकास हेतु आवश्यक कदमों पर बहुमूल्य सुझाव दिए। इस अवसर पर विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान के संगठन मंत्री के. एन. रघुनंदन जी का मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। उन्होंने जिला केंद्रों में प्रागज्योतिषपुर विश्वविद्यालय के प्रचार-प्रसार में सहयोग करने का आग्रह किया।

## कार्यालय सचिव, प्रचार एवं अभिलेखागार प्रमुख कार्यशाला





कार्यालय सचिव, प्रचार एवं अभिलेखागार प्रमुखों की कार्यशाला 21 एवं 22 अप्रैल 2024 को असम प्रकाशन भारती में आयोजित की गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय महामंत्री अवनीश भटनागर जी ने ऑनलाइन माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित किया। असम राजीव गांधी सहकारी प्रबंधन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. देवब्रत दास ने प्रबंधन नीति एवं आर्थिक विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। पूर्वोत्तर क्षेत्र के कोषाध्यक्ष सीए विकास नागपुरिया ने भी आर्थिक विषयों पर अपने विचार रखे।
उत्तर असम प्रांत के संगठन मंत्री नीरव घेलाणी एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र के कार्यकारिणी सदस्य योगेन्द्र सिंह सिसोदिया ने सभी प्रांतों के कार्यालय सचिवों से प्राप्त जानकारी की समीक्षा की। साथ ही पूर्वोत्तर क्षेत्र के मार्गदर्शन में संचालित कार्यालयों, न्यासों एवं समितियों की रिपोर्टों की भी समीक्षा की गई। आरएसएस असम क्षेत्र के प्रचार प्रमुख डॉ. सुनील मोहंती ने प्रचार कार्यों में कार्यकर्ताओं की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। आरएसएस असम क्षेत्र के व्यवस्था प्रमुख इन्द्र चापागाई ने प्रारंभ से ही कार्यालय कार्य हेतु नियम व विनियम स्थापित करने का सुझाव दिया। विद्या भारती के क्षेत्र प्रचार विभाग संयोजक विकाश शर्मा ने प्रचार विभाग के डिजिटलीकरण के उपाय प्रस्तुत किए। क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी ने कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों के अनुभवों के बारे में जानकारी ली। कार्यशाला में पूर्वोत्तर क्षेत्र से कुल 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
इसके अतिरिक्त डॉ. जगदीन्द्र रायचौधुरी, श्री कुलेंद्र कुमार भगवती, श्री दीपांकर बोरा सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र के अन्य कार्यकर्ता विभिन्न सत्रों में उपस्थित रहे।

## मणिपुर में राहत शिविरों हेतु 'स्कूल ऑन व्हील्स' योजना की शुरुआत

विद्या भारती की अभिनव मोबाइल शिक्षा योजना 'स्कूल ऑन व्हील्स' का मणिपुर के लिए शुभारंभ 30 अप्रैल 2024 को गुवाहाटी स्थित भारतीय स्टेट बैंक के स्थानीय मुख्यालय से किया गया। यह योजना हेतु भारतीय स्टेट बैंक म्यूचुअल फंड (SBIMF) द्वारा सीएसआर के अंतर्गत सहयोग प्रदान किया गया।

उद्घाटन कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के मुख्यमहाप्रबंधक विंसेंट एमडी, नेडफी के सीएमडी पी.वी.एस.एल.एन. मूर्ति, विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. के.एन. रघुनंदन, क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी, विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के मंत्री डॉ. जगदीन्द्र रायचौधुरी, प्रागज्योतिषपुर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. स्मृति कुमार सिंह, कुलसचिव डॉ. जोगेश काकती तथा शिशु शिक्षा समिति, असम के महामंत्री कुलेंद्र कुमार भगवती सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

'स्कूल ऑन व्हील्स' बस में कंप्यूटर लैब, डिजिटल शिक्षण व्यवस्था, पुस्तकालय, शैक्षिक सामग्री एवं खेल उपकरण उपलब्ध हैं। इस माध्यम से मणिपुर के संघर्ष-प्रभावित क्षेत्रों, राहत शिविरों में रहने वाले बच्चों को शिक्षा प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है।







## पूर्वोत्तर क्षेत्र का 34वां खेल महोत्सव संपन्न

विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र का 34वां खेल महोत्सव 11 एवं 12 मई 2024 को डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय में बी. एल. बेरिया सरस्वती विद्या निकेतन एवं रामेश्वर शर्मा फूकन सरस्वती विद्या निकेतन, डिब्रूगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जितेंद्र हजारिका ने किया। विशेष अतिथियों में विधायक प्रशांत फूकन एवं स्वर्ण पदक विजेता पूर्व छात्रा अन्वेषा फूकन उपस्थित रहीं।

एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में 198 बालक एवं 165 बालिकाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। प्रतियोगिता में विद्या भारती द्वारा संचालित पूर्वोत्तर के विभिन्न राज्यों के विद्यालयों के खिलाड़ियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. परमानंद सोनोवाल, खेल विभाग के डॉ. दीपज्योति गोगोई, डिब्रूगढ़ एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव विपुल चुटिया, भारत विकास परिषद, डिब्रूगढ़ के संस्थापक सदस्य प्रदीप भरुका, विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी तथा क्षेत्रीय खेल परिषद के अध्यक्ष सुबोध बोरा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।






## शंतनु रघुनाथ शेण्डे पुरस्कार–2024 से श्री महानंद दास जी सम्मानित

विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र द्वारा ज्येष्ठ कार्यकर्ता श्री महानंद दास जी को शंतनु रघुनाथ शेण्डे पुरस्कार–2024 से सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय साधारण के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर शिशु शिक्षा समिति, असम के अध्यक्ष डॉ. दिब्यज्योति महंत ने शंतनु रघुनाथ शेण्डे पुरस्कार के विषय में जानकारी प्रदान की।

अखिल भारतीय उपाध्यक्ष डॉ. शंकर रॉय, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रो. गंगा प्रसाद प्रसाईं, क्षेत्रीय मंत्री डॉ. जगदीन्द्र रायचौधुरी एवं क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी ने श्री महानंद दास जी को फूलोंम गमछा, सेलेंग चादर, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं 25,000 रुपये की राशि प्रदान कर सम्मानित किया।








## क्षेत्रीय प्रधानाचार्य सम्मेलन

विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय प्रधानाचार्य सम्मेलन 15 से 17 नवंबर 2024 को गीताश्रम, होजाई में संपन्न हुआ। उद्घाटन सत्र में अखिल भारतीय महामंत्री अवनीश भटनागर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने “21वीं सदी के प्रधानाचार्य” विषय पर उद्बोधन देते हुए कहा कि सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन के लिए संस्कारयुक्त शिक्षा आवश्यक है। उन्होंने पंचकोषात्मक विकास एवं पंचपदी शिक्षण पद्धति पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया।

अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्माजी राव ने पूर्वोत्तर भारत में जनजातीय शिक्षा की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए जनजाति गौरव दिवस के संदर्भ में अपने विचार रखे। क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी ने सीमावर्ती क्षेत्रों से जुड़े शैक्षिक विषयों पर जानकारी दी। विभिन्न प्रांतों के कार्यकर्ताओं ने विकास यात्रा, समाज परिवर्तन, सेवा कार्य एवं नवाचारों से संबंधित प्रस्तुतियाँ दीं।

सम्मेलन में त्रिपुरा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रो. गंगा प्रसाद परसाईं तथा क्षेत्रीय मंत्री डॉ. जगदीन्द्र रायचौधुरी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

समापन समारोह में रूक्मा गोहाईं बरुआ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, समाज परिवर्तन में आचार्यों की भूमिका एवं प्रधानाचार्यों के दायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विभिन्न सत्रों में प्रधानाचार्यों ने विद्यालय गुणवत्ता विकास सहित अन्य विषयों पर सामूहिक चर्चा की। इस अवसर पर प्रसिद्ध कलाकार, कवि एवं चिंतक बाबा सत्यनारायण मौर्य ने रंगमंचीय कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्र अर्चना प्रस्तुत की और हास्य व संगीत के माध्यम से प्रधानाचार्यों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया।







# शिशु शिक्षा समिति, असम

## आचार्य प्रशिक्षण वर्ग 2024

शिशु शिक्षा समिति, असम के शंकरदेव शिशु विद्या निकेतन, विश्वनाथ चारिआली में 10 से 25 जुलाई 2024 तक आचार्य प्रशिक्षण वर्ग आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. नेहा यादव दांगड़ियानी, आयुक्त, विश्वनाथ जिला उपस्थित रहीं।

इस प्रशिक्षण में लखीमपुर, तेजपुर, गुवाहाटी और जोरहाट विभागों से कुल 82 आचार्य–आचार्याओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण में प्रेरक सत्र, भाषा विषय, शिक्षण कौशल और शिक्षण पद्धति पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

मुख्य शिक्षक सुरेन बरादे ने सभी आचार्य–आचार्याओं का मार्गदर्शन किया। समापन अवसर पर प्रमुख आचार्य प्रफुल्ल भोराली ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं और धन्यवाद ज्ञापित किए।





## प्रांतीय शिशु वाटिका आचार्य प्रशिक्षण

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध शिशु शिक्षा समिति, असम के शिशु वाटिका विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आधार पर शिशु वाटिका आचार्य–आचार्याओं के प्रशिक्षण हेतु 10 से 17 मार्च 2024 तक शंकरदेव शिशु निकेतन, बिजनी में प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया। प्रथम चरण का यह प्रशिक्षण बिजनी में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन अवसर पर क्षेत्रीय शिशु वाटिका संयोजक आनंद सूत्रधर ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उद्घाटन सत्र में शिशु शिक्षा समिति, असम के संगठन मंत्री नीरव घेलाणी एवं निकेतन के उपप्रधानाचार्य बरुण घोष उपस्थित रहे।





प्रशिक्षण वर्ग में गुवाहाटी, बोंगाईगांव, नगांव एवं नलबाड़ी विभागों से कुल 71 आचार्य–आचार्याओं ने भाग लिया। पांच दिवसीय प्रशिक्षण में शिशु वाटिका शिक्षण, भारतीय दर्शन, शैक्षिक गतिविधियों एवं व्यवहारिक विषयों पर विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

समापन समारोह में बीआरसी, बिजनी के श्री कार्तिक दास ने दीप प्रज्वलन किया तथा विद्या भारती की शिक्षा व्यवस्था को भारतीय दर्शन पर आधारित बताया। प्रांतीय शिशु वाटिका संयोजिका वर्णाली देवी ने प्रशिक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं क्षेत्रीय संयोजक आनंद सूत्रधर ने समापन भाषण दिया।

## प्रांतीय संगीत टोली कार्यशाला

प्रांतीय संगीत टोली की तीन दिवसीय कार्यशाला 9, 10 एवं 11 मार्च 2024 को असम प्रकाशन भारती के सभागार में आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्घाटन प्रांतीय प्रशिक्षण प्रमुख एवं प्रांतीय संगीत विभाग के प्रभारी श्री महानंद दास ने किया। कार्यशाला का संचालन प्रांतीय संगीत प्रमुख निपेन दत्त द्वारा किया गया।

इस कार्यशाला में शिशु शिक्षा समिति, असम के आठ विभागों से कुल 11 संगीत प्रमुख एवं सह-प्रमुखों ने भाग लिया। कार्यशाला में विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी, जनजाति शिक्षा विभाग के सह-संपादक प्राणजीत पुजारी, क्षेत्रीय संस्कृत प्रमुख जीवन बोरा तथा असम प्रकाशन भारती के सह-सचिव हितेन गोस्वामी की उपस्थिति रही।

कार्यशाला के संसाधन व्यक्ति के रूप में प्रसिद्ध संगीत कलाकार कविंद्र दास एवं रमेन दास ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला का समापन 11 मार्च 2024 को अपराह्न 2:30 बजे किया गया।





PURVOTTAR संवाद

# विद्या भारती के मेधावी विद्यार्थियों और प्रधानाचार्यों का अभिनंदन समारोह



हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने वाले विद्या भारती से संबद्ध शिशु शिक्षा समिति, असम के शंकरदेव शिशु/विद्या निकेतनों के विद्यार्थियों और प्रधानाचार्यों का अभिनंदन एवं सम्मान 18 जून 2024, मंगलवार को गुवाहाटी स्थित सुदर्शनालय सभागृह में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ असम सरकार के मंत्री अशोक सिंहल ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिशु शिक्षा समिति, असम के अध्यक्ष डॉ. दिव्यज्योति महंत ने की। विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी ने स्वागत भाषण दिया। समारोह में असम में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली शंकरदेव शिशु विद्या निकेतन, विश्वनाथ चारिआली की छात्रा झरना शइकिया सहित 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और शत-प्रतिशत परिणाम देने वाले निकेतनों के प्रधानाचार्यों का सम्मान किया गया। साथ ही 2023 की एपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त पूर्व विद्यार्थियों को भी अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में विद्या भारती के पदाधिकारी और अनेक विशिष्ट शिक्षाविद उपस्थित रहे।





# पाठ्यपुस्तक लेखन एवं पुनरीक्षण कार्यशाला



शिशु शिक्षा समिति, के “असम प्रकाशन भारती” सभागृह में प्रांतीय विद्वत परिषद द्वारा एकदिवसीय पाठ्यपुस्तक लेखन और पुनरीक्षण कार्यशाला 4 अगस्त 2024 को आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रो. परमल भट्टाचार्य ने की।

समिति के अध्यक्ष डॉ. दिव्यज्योति महंत ने पाठ्यपुस्तक निर्माण में ध्यान देने योग्य पहलुओं जैसे पाठ्यक्रम, विषय-वस्तु, प्रस्तुति और स्थानीय सामग्री पर मार्गदर्शन दिया। प्रो. विभाष चौधुरी, प्रो. विपुल शर्मा, प्रो. उत्पल बोरा सहित अन्य विशेषज्ञ शिक्षाविदों ने भाग लिया। कार्यशाला में लेखकों, आचार्य-आचार्याओं और पुनरीक्षकों को संशोधन, संपूर्णता और पुनर्लेखन की प्रक्रिया समझाई गई और पाठ्यपुस्तक लेखन से लेकर मुद्रण तक के सभी चरणों की जानकारी दी गई।



## प्रांतीय चिंतन बैठक




शिशु शिक्षा समिति, असम की प्रांतीय चिंतन बैठक असम प्रकाशन भारती के शंन्तनु रघुनाथ शेंडेजी सभागृह में 20 अक्टूबर 2024 को आयोजित की गई। बैठक में विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी, शिशु शिक्षा समिति, असम के अध्यक्ष कुलेंद्र कुमार भगवती, महासचिव जगन्नाथ राजवंशी, संगठन मंत्री नीरव घेलाणी, प्रबंध समिति सदस्य, निर्वाचित प्रधानाचार्य और पूर्णकालीन कार्यकर्ता सहित कुल 50 प्रतिभागी उपस्थित रहे। बैठक के अंतर्गत विद्या भारती केंद्र द्वारा निर्धारित बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की।

## प्रधानाचार्य प्रशिक्षण वर्ग




शिशु शिक्षा समिति, असम के अंतर्गत विभिन्न निकेतनों के प्रधानाचार्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम कामाख्या नगर चैरिटेबल एवं धार्मिक ट्रस्ट, मालिगांव, आदिंगिरी, गुवाहाटी में 16 दिसंबर 2024 से 6 जनवरी 2025 तक आयोजित किया गया। उद्घाटन समारोह में डॉ. पवन तिवारी, डॉ. जगदीन्द्र रायचौधरी, श्री नीरव घेलाणी, श्री कुलेंद्र कुमार भगवती एवं श्री जगन्नाथ राजबंशी की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रशिक्षण में उत्तर असम प्रांत के 31 क्लस्टरों के 51 निकेतनों से 52 प्रधानाचार्यों तथा मेघालय से एक प्रधानाचार्य ने सहभागिता की।

## प्रांतीय संस्कृत प्रशिक्षण वर्ग

शंकरदेव विद्या निकेतन, बिलासीपारा में 22 से 29 अगस्त 2024 तक प्रांतीय संस्कृत प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। वर्ग का उद्घाटन बोडोलैंड विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डी. एल. आहूजा ने किया तथा उद्घाटन संबोधन प्रदान किया। सात दिवसीय यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.ई.पी.) आधारित पाठ्यक्रम पर केंद्रित रहा।

प्रशिक्षण का संचालन डॉ. जयंत शर्मा, डॉ. विभूति लोचन शर्मा, श्री फल्गुन उपाध्याय, श्री ध्रुव महंत एवं श्रीमती दीपिका देउरी द्वारा किया गया। इस शिविर में कुल 68 प्रशिक्षणार्थियों ने सहभागिता की। समापन सत्र में शिशु शिक्षा समिति, असम के संगठन सचिव श्री निरव घेलानी ने प्रतिभागियों को संबोधित किया।



# अरुणाचल शिक्षा विकास समिति

## आचार्य प्रशिक्षण वर्ग

अरुणाचल शिक्षा विकास समिति (ASVS) द्वारा आयोजित आचार्य प्रशिक्षण वर्ग 2024 एवं शिशु वाटिका प्रशिक्षण वर्ग अबोतानी विद्या निकेतन, पाचिन कॉलोनी, नाहरलागुन में संपन्न हुआ। आचार्य प्रशिक्षण वर्ग 18 से 28 मई तथा शिशु वाटिका प्रशिक्षण वर्ग 22 से 28 मई 2024 तक आयोजित किया गया।

समापन समारोह में माननीय श्री ताई तागक (मुख्यमंत्री के सलाहकार, अरुणाचल प्रदेश), डॉ. पवन तिवारी (संगठन मंत्री, विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र) तथा श्री ए.के. मिश्रा (उच्च एवं तकनीकी शिक्षा निदेशालय, अरुणाचल प्रदेश) प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण वर्ग में विद्या निकेतनों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों, ईएमआरएस तिरप एवं विभिन्न जिलों से चयनित आचार्य-आचार्याओं ने सहभागिता की। 10 दिवसीय प्रशिक्षण में कुल 54 सत्र आयोजित हुए, जिनमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, भारतीय शिक्षा दर्शन, शिशु वाटिका, बालिका शिक्षा, पंचपदी शिक्षण पद्धति तथा समकालीन शैक्षिक विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया।





## मंजुश्री शिक्षा निकेतन, बोमडिला में प्रधानाचार्य विकास वर्ग 2024 आयोजित

अरुणाचल शिक्षा विकास समिति, नाहरलगुन द्वारा आयोजित प्रधानाचार्य विकास वर्ग 2024 मंजुश्री शिक्षा निकेतन, बोमडिला में संपन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री ए.के. सिंह, डीआईजी, एसएसबी सेक्टर मुख्यालय बोमडिला रहे।

कार्यक्रम में विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी, प्रशिक्षण प्रभारी श्री धर्मदेव ब्रह्मचारी तथा अरुणाचल शिक्षा विकास समिति के मंत्री श्री ग्यामर कासुंग सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री ए.के. सिंह ने अपने संबोधन में प्रधानाचार्यों की भूमिका को विद्यालय रूपी गाड़ी का इंजन बताते हुए अनुशासन, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक दायित्वों पर बल दिया।

डॉ. पवन तिवारी ने भारतीय शिक्षा परंपरा और नालंदा विश्वविद्यालय की गौरवशाली विरासत का उल्लेख करते हुए सेवा भाव से शिक्षा कार्य करने का संदेश दिया। पाँच दिवसीय इस विकास वर्ग में विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, शैक्षिक नेतृत्व एवं समकालीन शैक्षिक चुनौतियों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।





## प्रधानाचार्य बैठक

द्विदिवसीय प्रधानाचार्य बैठक आबोतानी विद्या निकेतन, ओल्ड ज़ीरो (लोअर सुबनसिरी) में 3 एवं 4 मार्च को आयोजित की गई। विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी जी, अरुणाचल शिक्षा विकास समिति के मंत्री श्री ग्यामर कासुंग, कोषाध्यक्ष श्री तुमगे लोल्लेन जी एवं प्रांत संयोजक श्री सुकुमारन के. उपस्थित रहे।

बैठक में 22 विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने भाग लिया। बैठक में बजट एवं शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा की गई। उद्घाटन से पूर्व सीए गुलाब सिंह ने लेखा, आयकर रिटर्न एवं टीडीएस से संबंधित जानकारी दी।





## बालिका शिविर

अरुणाचल शिक्षा विकास समिति (ASVS) द्वारा 16 से 19 अक्टूबर 2024 को डोन्यी पोलो विद्या निकेतन में बालिका शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ASVS द्वारा संचालित विद्या निकेतन, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की 27 विद्यालयो से 700 से अधिक बालिकाओं ने भाग लिया।

उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती दासांग्लू पुल तथा विशिष्ट अतिथि श्रीमती न्याबी जिनी दिर्ची, विधायक, मुख्य वक्ता श्री निनोंग एरिंग, विधायक एवं विद्या भारती की अखिल भारतीय सह बालिका शिक्षा प्रमुख श्रीमती सुनीता पांडेय जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में 200 से अधिक बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत सामूहिक नृत्य विशेष आकर्षण रहा।







# पूर्व छात्र सम्मेलन

अरुणाचल शिक्षा विकास समिति (ASVS) द्वारा डोन्यी पोलो विद्या निकेतन, पासीघाट में "Reconnecting Roots, Inspiring Futures" विषय पर पूर्व छात्र सम्मेलन 2024 का आयोजन किया गया। सम्मेलन में ASVS के अंतर्गत संचालित 27 विद्या निकेतनों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के 650 से अधिक पूर्व छात्रों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री ताई तागक, पूर्व सलाहकार, माननीय मुख्यमंत्री अरुणाचल प्रदेश एवं संरक्षक ASVS रहे। इस अवसर पर विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र की पूर्व छात्र प्रमुख श्रीमती स्वप्ना देवी शर्मा, ASVS अध्यक्ष श्री बोडोंग यिरांग, श्री कालिंग दई, श्री तादर कामा उपस्थित रहे।







## जिला केंद्र सशक्तिकरण बैठक

अरुणाचल शिक्षा विकास समिति (ASVS) द्वारा डोन्यी पोलो विद्या निकेतन, पासीघाट (पूर्वी सियांग) में जिला केंद्र सशक्तिकरण से संबंधित जिला केंद्र प्रधानाचार्य बैठक, विषय संयोजक बैठक एवं कार्यकारिणी समिति की बैठक 26 नवंबर 2024 को आयोजित की गई। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष दुसी रामकृष्ण राव, विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी, ASVS के संरक्षक श्री ताई तागक एवं अध्यक्ष श्री बोडोंग यिरांग उपस्थित रहे।



## विज्ञान शिविर आयोजित

अरुणाचल शिक्षा विकास समिति (ASVS) द्वारा डोन्यी पोलो विद्या निकेतन, पासीघाट (तालोम रुक्बो नगर, ईस्ट सियांग) में तीन दिवसीय विज्ञान शिक्षक अभिमुखीकरण वर्ग का आयोजन किया गया। यह वर्ग "छोटे साइंटिस्ट्स" विषय के अंतर्गत 2 से 4 दिसंबर 2024 को आयोजित किया गया।

ज्ञान प्रबोधिनी के एजुकेशनल एक्टिविटी रिसर्च सेंटर, पुणे तथा केपीआईटी की सीएसआर पहल के सहयोग से संपन्न हुआ। वर्ग का उद्देश्य प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के विज्ञान शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप नवाचारपूर्ण एवं गतिविधि-आधारित शिक्षण विधियों से सशक्त करना था।






# विद्या भारती शिक्षा समिति, त्रिपुरा

## विद्या भारती शिक्षा समिति, त्रिपुरा का सात दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

विद्या भारती शिक्षा समिति, त्रिपुरा मे आचार्य प्रशिक्षण वर्ग त्रिपुरेश्वरी विद्या मंदिर, गांधीग्राम (पश्चिम त्रिपुरा) में संपन्न हुआ। सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग में त्रिपुरा के 12 विद्यालयों के आचार्यों तथा मिजोरम के कालिंदी रानी विद्या मंदिर के आचार्य सहभागी रहे।
उद्घाटन समारोह में त्रिपुरा विश्वविद्यालय के शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. सुभाष सरकार मुख्य अतिथि रहे। डॉ. शंकर राय, उपाध्यक्ष, विद्या भारती ने मुख्य वक्तव्य दिया। कार्यक्रम में सुभाष गणचौधरी, मंत्री एवं धीरेंद्र कलई, अध्यक्ष, विद्या भारती शिक्षा समिति, त्रिपुरा भी उपस्थित रहे।
डॉ. सुभाष सरकार ने आचार्य प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सीबीएसई द्वारा प्रतिवर्ष 50 घंटे के प्रशिक्षण की अनुशंसा का उल्लेख किया। डॉ. शंकर राय ने राष्ट्र निर्माण में आचार्यों की भूमिका पर बल दिया।






## शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र भूमि पूजन

त्रिपुरेश्वरी शिशु मंदिर, राम नगर विद्यालय भवन एवं शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र का भूमि पूजन समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. जगदीश गण चौधुरी और डॉ. धनंजय गण चौधुरी, प्रबंध समिति के अध्यक्ष उपस्थित रहे। समारोह में स्थानीय छात्र, अभिभावक और प्रतिष्ठित शिक्षाविद् भी उपस्थित रहे। शिलान्यास के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।





## विद्या भारती त्रिपुरा और असम राइफल्स ने मनाया रक्षाबंधन समारोह

विद्या भारती त्रिपुरा ने असम राइफल्स के सहयोग से अल्फा ऑडिटोरियम, असम राइफल्स कैंपस में रक्षाबंधन समारोह आयोजित किया। त्रिपुरेश्वरी विद्या मंदिर, गांधीग्राम के छात्रों ने सैनिकों को राखी बाँधकर सुरक्षा और प्रेम का संदेश दिया।
मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर मनीष राणा, कमांडर, असम राइफल्स, प्रो. गंगा प्रसाद परसाईं, कुलपति, त्रिपुरा विश्वविद्यालय और मिलन रानी जमातिया,अध्यक्षा, विद्या भारती शिक्षा समिति, त्रिपुरा की उपस्थिति रही।

## त्रिपुरा राज्यपाल का हरी राधा विद्या मंदिर, तेलियामुरा में प्रवास

राज्यपाल श्री इंद्रसेन रेड्डी हरी राधा विद्या मंदिर मे प्रवास कर छात्रों के साथ संवाद किया और उन्हें शिक्षा व कौशल विकास के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विधायक श्रीमती कल्याणी रॉय, त्रिपुरा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गंगा प्रसाद परसाईं और विद्या भारती त्रिपुरा के पदाधिकारीगण भी उपस्थित थे।



## प्रांतीय  विज्ञान मेला 2024 का आयोजन





विज्ञान एवं गणित शिक्षण हेतु शैक्षणिक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला त्रिपुरा विश्वविद्यालय, अगरतला के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में 40 विज्ञान एवं गणित आचार्यों ने सहभागिता की।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि डॉ. अभिजीत चंदा, सहायक प्रोफेसर, IASE, कुंजाबन, अगरतला, डॉ. आशीष दत्ता, ओएसडी, SCERT, अगरतला; श्री सुदीप भट्टाचार्य, व्याख्याता, DIET, अगरतला; तथा डॉ. नानीगोपाल देबनाथ, पीजीटी, नेताजी स्कूल, अगरतला द्वारा संचालित किए गए।

कार्यशाला का संचालन विद्या भारती त्रिपुरा की प्रशिक्षण सह-संयोजक डॉ. पूनम मुखर्जी ने किया। इस अवसर पर विद्या भारती त्रिपुरा के मंत्री श्री सुभाष गांगचौधुरी एवं प्रांत संयोजक  श्री निलमणि चक्रवर्ती उपस्थित रहे।

## प्रांतीय चिंतन बिंदु क्रियान्वयन बैठक संपन्न





इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज़ इन एजुकेशन, कुंजाबन, अगरतला में 27 से 29 सितंबर 2024 तक प्रांतीय चिंतन बिंदु क्रियान्वयन बैठक का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय इस बैठक में प्रांत कार्यकारिणी सदस्य, प्रधानाचार्य एवं विषय संयोजक  शामिल हुए।

बैठक के मुख्य अतिथि विद्या भारती के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. शंकर रॉय रहे, विशेष अतिथि प्रो. गंगा प्रसाद प्रसाईं ने शिक्षा की परिवर्तनकारी भूमिका को रेखांकित किया। बैठक की अध्यक्षता प्रो. मिलन रानी जमातिया ने की। मंत्री श्री सुभाष गंण चौधुरी, प्रांत संयोजक श्री निलमणि चक्रवर्ती एवं कार्यकारिणी सदस्य श्री संजीत घोष ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

बैठक में विद्यालयों की गुणवत्ता सुधार, मातृभाषा आधारित शिक्षा, आचार्यों की भूमिका तथा  पूर्व छात्रों की सहभागिता एवं सामाजिक दायित्व जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही, विद्या भारती के उद्देश्यों के अनुरूप प्रत्येक विद्यालय के लिए दायित्व निर्धारित करते हुए एक विस्तृत क्रियान्वयन योजना तैयार की गई।

# शिक्षा विकास परिषद, दक्षिण असम प्रांत

## प्रांतीय शतरंज, योगासन प्रतियोगिता संपन्न





शिक्षा विकास परिषद, दक्षिण असम प्रांत द्वारा सरस्वती विद्या निकेतन, करिमगंज में प्रांतीय शतरंज और योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के साथ ही परीक्षा एवं पाठ्यक्रम प्रकोष्ठ, शिक्षा विकास परिषद, दक्षिण असम प्रांत द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला भी आयोजित की गई।

## तीन दिवसीय प्रांतीय आचार्य विकास वर्ग का संपन्न

कांचकांति विद्या मंदिर, उधारबंद में आयोजित तीन दिवसीय प्रांतीय आचार्य विकास वर्ग का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र की क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य श्री योगेंद्र सिंह सिसोदिया, शिक्षा विकास परिषद, दक्षिण असम प्रांत के अध्यक्ष डॉ. निखिल भूषण दे, मंत्री  निहारेंदु धर, प्रांत संगठन मंत्री महेश भगवत उपस्थित रहे।




## दस दिवसीय प्रांतीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

सरस्वती विद्या निकेतन कटलीछड़ा में दस दिवसीय प्रांतीय प्रारंभिक आचार्य प्रशिक्षण संपन्न हुआ। 9 जुलाई को सरस्वती एवं भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में प्रांत संगठन मंत्री महेश भागवत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक विभिन्न शैक्षिक, बौद्धिक, शारीरिक एवं गतिविधि सत्रों में आयोजित किया गया, जिसमें दक्षिण असम प्रांत के 20 विद्यालयों से 51 आचार्यों ने सहभागिता की। आठवें दिन पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत 51 पौधों का रोपण किया गया। समापन सत्र में सभी आचार्य-आचार्याओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्या पूर्वी डेय ने किया।



## विद्या भारती दक्षिण असम का प्रतिनिधिमंडल भारत-बांग्लादेश सीमा का निरीक्षण



विद्या भारती दक्षिण असम प्रांत के संगठन मंत्री महेश भागवत और प्रांत निरीक्षक पिंकू मालाकार ने भारत-बांग्लादेश सीमा के बीएसएफ कैंप का दौरा किया और बीएसएफ मेजर एवं अधिकारियों से चर्चा कर मौजूदा स्थिति का अवलोकन किया। प्रतिनिधिमंडल ने आसपास के सीमावर्ती गांवों का दौरा कर स्थानीय लोगों से बातचीत की और उन्हें डरने की बजाय 15 अगस्त के स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम मनाने का आह्वान किया

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले का सरस्वती विद्या मंदिर हाफलांग में प्रवास

सरस्वती विद्या मंदिर हाफलांग में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह माननीय दत्तात्रेय होसबोले जी का आगमन हुआ। उन्होंने मंदिर में पुष्प अर्पित कर छात्रों को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर संघ और विद्या भारती के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।





## प्रांत घोष वर्ग संपन्न

श्री गौरी माधवधाम सरस्वती विद्या निकेतन में शिक्षा विकास परिषद द्वारा आयोजित 'प्रांत घोष वर्ग' का आयोजन किया गया। इस वर्ग में कछार, करीमगंज, हाइलाकांदी और डिमाहसाओ जिलों के 16 विद्यालयों के छठी से बारहवीं कक्षा के 149 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री गौरी सरकारी अस्पताल के डॉ. सुब्रत घोष, शिक्षा विकास परिषद के मंत्री डॉ. दीपंकर पाल तथा प्रांत संगठन मंत्री महेश भागवत उपस्थित रहे।






## लोकमाता रानी अहिल्याबाई जी की 300वीं जन्म जयंती पर मातृ सम्मेलन आयोजित




दक्षिण असम प्रांत के सिलचर संकुल द्वारा लोकमाता रानी अहिल्याबाई जी की 300वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में सिलचर बंगा भवन में मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के अखिल भारतीय मंत्री आदरणीय ब्रह्माजी राव जी की गरिमामय उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के रूप में असम विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुपर्णा राय उपस्थित रहीं।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता डॉ. शमिता भट्टाचार्य सहित शिक्षा विकास परिषद के पदाधिकारी एवं सरस्वती विद्या निकेतनों के प्रधानाचार्यगण उपस्थित रहे। 800 से अधिक माताओं की सहभागिता रही। समाज में विशेष योगदान के लिए 15 महिलाओं को सम्मानित किया गया।

# मेघालय शिक्षा समिति

## आचार्य प्रशिक्षण संपन्न

मेघालय शिक्षा समिति द्वारा श्री कांची कामकोटि विद्या भारती विद्यालय, शिलांग में सात दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर पूर्व आयुर्वेद एवं होम्योपैथी संस्थान की निदेशक डॉ. नीता महेस्कर ने किया।

कार्यक्रम में विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के उपाध्यक्ष प्रो. शांताराम जोशी, क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य योगेन्द्र सिंह सिसोदिया, विद्या भारती नागालैंड के संगठन मंत्री पंकज सिन्हा तथा मेघालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष रिनोमो सुंगोह उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में मेघालय के औपचारिक विद्यालयों एवं एकल विद्यालयों के आचार्यों  ने भाग लिया।











## मेघालय शिक्षा समिति के प्रतिनिधिमंडल की राज्यपाल से सौजन्य भेंट

मेघालय शिक्षा समिति के प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन शिलांग में मेघालय के माननीय राज्यपाल श्री सी. एच. विजयशंकर से सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी, मेघालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष श्री रिनोह्मो सुन्गोह तथा मंत्री प्रो. सौमेन चक्रवर्ती शामिल थे।

प्रतिनिधियों ने प्रांत में मेघालय शिक्षा समिति द्वारा संचालित शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर शिक्षा से जुड़ी विभिन्न योजनाओं पर चर्चा हुई। राज्यपाल ने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया।



## प्रांतीय  घोष वर्ग संपन्न

गरूड़ाचल विद्यापीठ, बेलबारी में 25 से 29 सितंबर 2024 तक पांच दिवसीय प्रांतीय घोष वर्ग आयोजित किया गया। उद्घाटन समारोह में श्री प्रमोद कोच (MDC, डालू) मुख्य अतिथि रहे।






## प्रधानाचार्य बैठक संपन्न



मेघालय शिक्षा समिति के प्रधानाचार्यों की दो दिवसीय योज़ना बैठक 19–20 अक्टूबर 2024 आयोजित की गई। बैठक में वार्षिक कार्य योजना बनाई गई, विषय प्रमुखों की नियुक्ति की गई और कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक का मार्गदर्शन श्री लॉन्गकी फांगचो NEC सदस्य, श्री रिनोह्यो सुंगोह प्रांत अध्यक्ष, श्री प्रांजित पुजारी प्रांत संयोजक और श्री विकास शर्मा क्षेत्र प्रचार विभाग संयोजक द्वारा किया गया।

## प्रांतीय चिंतन बैठक संपन्न




गरूड़ाचल विद्या पीठ, बेलबारी, में मेघालय शिक्षा समिति द्वारा प्रांतीय चिंतन बैठक 29 सितंबर 2024 आयोजित की गई। उद्घाटन समारोह में डॉ. जगदींद्र रायचौधुरी मंत्री, विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र, डॉ. पवन तिवारी संगठन मंत्री, विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र, श्री रिनोह्यो सुंगोह अध्यक्ष, मेघालय शिक्षा समिति, श्री प्रांजित पुजारी प्रांत संयोजक उपस्थित रहे।

## पांच दिवसीय फ़ुटबॉल प्रशिक्षण शिविर आयोजित

श्री कांची कामकोटी विद्या भारती विद्यालय में मेघालय शिक्षा समिति द्वारा पांच दिवसीय फ़ुटबॉल प्रशिक्षण शिविर 17–23 मार्च 2024 तक आयोजित किया गया। सात विद्यालयों से 60 छात्रों ने नाइजीरियाई कोच OEN से पेशेवर प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर का समापन SAI फ़ुटबॉल मैदान में एक दिवसीय मैच के साथ हुआ। डॉ. पवन तिवारी संगठन मंत्री, विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र उपस्थित रहे।



## नरवान में नवीन विद्यालय प्रारंभ



ईस्ट जयंतिया हिल्स, नरवान में 1 मार्च 2024 को नवीन विद्यालय भवन का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन समारोह में श्री अभिलाष बरनवाल, IAS, डिप्टी कमिश्नर, श्री समीर सरकार प्रांत संगठन मंत्री और श्री रिनोह्यो सुंगोह अध्यक्ष उपस्थित थे।

PURVOTTAR संवाद

# शिक्षा विकास समिति, मणिपुर

## पांच दिवसीय आवासीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

शिक्षा विकास समिति, मणिपुर द्वारा 22 से 26 दिसंबर 2024 तक पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। वर्ग में 43 आचार्यों ने भाग लिया। डॉ. पवन तिवारी, संगठन मंत्री, विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र ने पंचपदी शिक्षण पर सत्र लिया। कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि विश्व मुक्केबाजी चैम्पियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता श्रीमती लैशराम सरिता देवी रही। उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और आचार्यों और को छात्रों में अनुशासन और मूल्य स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।




## हिंसा प्रभावित छात्रों हेतु सहायता






मणिपुर में जारी हिंसा के दौरान, समिति ने 70 प्रभावित छात्रों को गोद लिया और उनके आवास एवं करियर विकास में सहयोग किया। 78 राहत शिविरों में छात्रों और अभिभावकों को परामर्श प्रदान किया गया। इसके अलावा, खाद्य सामग्री, कंबल, बिस्तर और दवाइयां वितरित कर स्वास्थ्य और जीवन आवश्यकताओं की व्यवस्था की गई, जिससे समिति की सेवा और सहानुभूति का प्रतिबिंब दिखता है।

## श्री डी. रामकृष्ण राव का मणिपुर प्रवास

02 मार्च 2024 को विद्या भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष श्री डी. रामकृष्ण राव ने डॉ. पवन तिवारी और डॉ. जगदींद्र रायचौधुरी के साथ मणिपुर में दो दिवसीय प्रवास किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व छात्रों, राज्य शिक्षा अधिकारियों, विश्वविद्यालय के कुलपतियों और शिक्षाविदों, राहत शिविर के लोगों, अभिभावकों और बाल विद्या मंदिर, पैलेस कंपाउंड के छात्रों के साथ विभिन्न कार्यक्रम और संवाद किए।




## स्कूल ऑन व्हील्स का उद्घाटन

मणिपुर में "स्कूल ऑन व्हील्स" का उद्घाटन 5 मई 2024 को हुआ, जिसमें माननीय राज्यपाल श्रीमती अनुप्रिया उइके, डॉ. पवन तिवारी संगठन मंत्री, विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र और श्री विनीत जोशी, मुख्य सचिव, मणिपुर सरकार सहित गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।






PURVOTTAR संवाद

# पूर्वोत्तर जनजाति शिक्षा समिति

## नागालैंड के श्री जाकिनेई खोउब्वे कृष्णचंद्र गांधी पुरस्कार से सम्मानित

पूर्वोत्तर जनजाति शिक्षा समिति द्वारा 18वें कृष्णचंद्र गांधी पुरस्कार समारोह का आयोजन नागालैंड के कोहिमा में किया गया। कार्यक्रम में नागालैंड के उच्च शिक्षा एवं पर्यटन मंत्री श्री तेमजन इम्ना अलोंग मुख्य अतिथि तथा डॉ. केख्रिएलहौली योम, सलाहकार, स्कूल शिक्षा एवं एससीईआरटी, नागालैंड सरकार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस वर्ष का कृष्णचंद्र गांधी पुरस्कार शिक्षा एवं हिंदी सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए नागालैंड के श्री जाकिनेई खोउब्वे को प्रदान किया गया। उन्हें एक लाख रुपये की राशि, मानपत्र एवं पारंपरिक अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। समारोह में विद्या भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष श्री दुसी रामकृष्ण राव, अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्माजी राव सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

इस अवसर पर कोहिमा के राजधानी सभागार में "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन में चुनौतियाँ" विषय पर एक सेमिनार का भी आयोजन किया गया।




बाल साहित्य और संस्कारों का अग्रदूत

सचित्र प्रेरक बाल मासिक

देवपुत्र सचित्र प्रेरक बहुरंगी बाल मासिक

स्वयं पढ़िए औरों को पढ़ाइये

उत्तम कागज पर श्रेष्ठ मुद्रण एवं आकर्षक साज-सज्जा के साथ

अवश्य देखें- वेबसाईट : www.devputra.com

# जनजाति शिक्षा समिति नागालैंड

## हर घर, घर हर तिरंगा अभियान कार्यक्रम आयोजित

विद्या भारती इनफेंट डिजिटल होम विद्यालय, दिमापुर द्वारा हर घर, घर हर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 13 अगस्त 2024 को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने आचार्यों के साथ मिलकर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर जाकर तिरंगा ध्वज का वितरण किया।



## जन शिक्षण संस्थान, किफिरे संवाद कार्यक्रम

विद्या भारती प्रांतीय कार्यालय, दिमापुर में 25 से 27 अप्रैल 2024 तक आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला के अंतर्गत जन शिक्षण संस्थान, किफिरे के कर्मचारियों के साथ संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्या भारती के पूर्वोत्तर क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी ने उपस्थित रहकर कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया।

डॉ. पवन तिवारी ने अपने उद्बोधन में विद्या भारती की शैक्षिक दृष्टि, राष्ट्रनिर्माण में शिक्षा की भूमिका तथा सेवा भाव से कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कार पहुँचाना ही विद्या भारती का मूल उद्देश्य है।

इस अवसर पर जनजाति शिक्षा समिति नागालैंड के अध्यक्ष श्री अभिजीत साहू एवं संगठन मंत्री श्री पंकज सिन्हा जी की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।



## प्रांत स्तरीय घोष प्रशिक्षण शिविर

जनजाति शिक्षा समिति (विद्या भारती), नागालैंड द्वारा 11 से 14 दिसंबर 2024 तक प्रांत स्तरीय घोष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन ग्रामादी विद्या भारती विद्यालय, धनसिरीपार के प्रांगण में किया गया। तीन दिवसीय शिविर गुवाहाटी में आयोजित होने वाले समुत्कर्ष महाशिविर की तैयारियों के उद्देश्य से आयोजित किया गया।



PURVOTTAR संवाद

# मिज़ोरम जनजाति शिक्षा समिति

## कालिंदी रानी विद्या मंदिर के विद्यालय भवन का लोकार्पण संपन्न




मिजोरम प्रांत में कालिंदी रानी विद्या मंदिर के विद्यालय भवन का लोकार्पण 28 फरवरी 2024 को राजीव नगर में संपन्न हुआ। समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक श्री उल्लास कुलकर्णी तथा विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी की विशेष उपस्थिति रही।

## आचार्य प्रशिक्षण वर्ग



कालिंदी रानी विद्या मंदिर राजीव नगर मे 21 दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न। 11 मार्च से 31 मार्च 2024 तक आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। वर्ग में पूर्वोत्तर जनजाति शिक्षा समिति (PJSS) के सह सचिव श्री प्राणजीत पुजारी तथा विद्या भारती शिक्षा समिति त्रिपुरा के प्रांत संयोजक श्री नीलमणि चक्रवर्ती ने सहभागिता की।

## मिज़ोरम जनजाति शिक्षा समिति का औपचारिक गठन

विद्या भारती के संगठनात्मक विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में 4 दिसंबर 2024 को मिज़ोरम जनजाति शिक्षा समिति का औपचारिक गठन किया गया। यह कार्यक्रम आइजोल क्लब, आइजोल में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी, विद्या भारती शिक्षा समिति, त्रिपुरा की अध्यक्षा डॉ. मिलन रानी जमातिया तथा प्रांत संयोजक श्री नीलमणि चक्रवर्ती उपस्थित रहे।



# Vidya Bharati Akhil Bharatiya Shiksha Sansthan

## First school

**(1952)**

Saraswati Shishu Mandir,
Gorakhpur,
Uttar Pradesh

## Leadership

- Nanaji Deshmukh,
- Krishna Chandra Gandhi
- Bhaurao Deoras

## National Body

**(1977)**

Vidya Bharati
Akhil Bharatiya Shiksha Sansthan

## HQ

- Registered Office – Lucknow
- Functional HQ – Delhi

## Vision

Bharat-centric,
value-based education

Vidya Bharati schools are known by names like
Saraswati Shishu/Vidya Mandir, Adarsh Vidya Mandir in Rajasthan, and Sankardev Shishu/Vidya Niketan in Assam.

PURVOTTAR संवाद

**विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र**
प्रथम तल, असम प्रकाशन भारती,
(श्रद्धांजलि कानन के सामने),
राधा गोविन्द बरुआ रोड़, गुवाहाटी -05, असम